>

Title: Regarding stoppage of trains as per old schedule-laid.

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा): कोविड-19 माहमारी के चलते देश भर में लॉकडाउन के कारण रेल सेवाएं बड़े पैमाने पर बाधित हुई, अब यात्री ट्रेने पुनः चलाई जा रही है परन्तु ट्रेने उन स्टेशनो पर नही रूक रही है जहां पहले रूकती थी । लम्बे समय तक ट्रेनों का संचालन बन्द रहा इसलिए अभी चलाते ही वापस यात्री भार उस रूप में होगा यह संभव नही है इसमें थोड़ा समय लगेगा परन्तु यदि ठहराव पूर्व की भांति सभी स्टेशनों पर रहे तो पुनः रेलवे की आय बढेगी । अभी ट्रेने चलाते ही यह कहकर ठहराव को कतिपय स्टेशनो पर बन्द कर देना कि वहां आय पूरी नही है, यह न्यायसंगत नही है । मेरा सरकार से निवेदन है कि रेलवे बोर्ड व मंत्रालय को यह सुनिश्चत करने के निर्देश प्रदान करें कि ट्रेने जो शुरू की गई व होने वाली है, उनका पूर्व की भांति स्टेशनो पर ठहराव निश्चित रूप से हो ।